तापमान

अधिकतम 34.2 डिग्री

न्यूनतम 32.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4

पीएचई ने 135 ठेकेदारों के 100 करोड़ के बिल का भुगतान रोका




## NEET/JEE में सलेक्शन नहीं तो फीस नहीं : PCI भिलाई

जो स्टूडेन्ट NEET व JEE की तैयारी करना चाहते हैं। उनके लिए सुनहरा अवसर है क्योंकि 15 जुलाई से नया बैच प्रारंभ होने जा रहा है जिसका नाम NEET व JEE जूनून बैच है।

इस बैच में पढने वाले स्टूडेन्ट को NEET व JEE में चयन होने के बाद ही फीस लिया जाता है यह बैच सीमित स्टूडेन्ट के लिए है केवल 40 स्टूडेन्ट ही इस बैच में पढाई करेंगे। इस बैच में प्रत्येक दिन 6 घंटे की क्लास व 3 घंटे की डाऊट क्लास इस तरह प्रत्येक दिन 9 घंटे की क्लास होगी। हर रविवार NEET व JEE आधारित साप्ताहिक टेस्ट होगी। इस बैच में पढाने वाले शिक्षकगण दिल्ली व कोटा के विषय विशेषज्ञ डाक्टर्स व आईआईटियन्स है। स्टूडेन्ट को क्लास में DPP, कम्प्लीट स्टडी मटेरियल पैकेज, बैग, टी शर्ट दी जायेगी। लाइब्रेरी व छात्रावास की भी सुविधा है। कोर्स कम्प्लीट उपरान्त स्टूडेन्ट को ऑल इण्डिया टेस्ट सीरीज कराया जायेगा। बच्चों को मोटिवेशनल क्लास भी कराया जाता है जिससे उनमें आत्मविश्वास जागृत होती है।

जूनून बैच जैसे कि नाम से विदित हो रहा है कि सभी स्टूडेन्ट का नीट व जेईई में चयन कराना यह ऐसा बैच है जिसका सलेक्शन रेशियो 100% होता है। PCI भिलाई का उद्देश्य है कि हर स्टूडेन्ट देश के प्रतिष्ठित एम्स कॉलेज व आई.आई.टी. कॉलेज में पढ़ाई करें।

जूनून बैच के स्टूडेन्ट ने पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देकर एक अलग पहचान बनाया है जो छत्तीसगढ़ में एक अतुल्य परिणाम है।

आज नीट व जेईई में चयन होना बहुत ही आसान है। इसके लिए स्टूडेन्ट को प्रतिदिन 6 घंटे क्लास व 3 घंटे डाऊट क्लास अटेण्ड करना है। DPP को प्रैक्टीस करना है व डाऊट पूछना है। हर संडे टेस्ट देना है।

बस इतना कार्य स्टूडेन्ट ईमानदारी से कर लेता है तो उसे नीट व जेईई में सलेक्शन होने से कोई नहीं रोक सकता, बस यही सफलता का मूलमंत्र है। तो चलो स्टूडेन्ट आज ही जूनून बैच ज्वाइन करें व सफलता का इतिहास गढ़े।

**PCI संस्था भिलाई में शॉप नं. 133 न्यू सिविक सेंटर, भिलाई में संचालित होती है। मो.नं.- 7805888600.**

Advt.



## प्रवेश सूचना

| | |
|---|---|
| BMLT (3 years) लैब टेक्नीशियन डिग्री | DMLT (2 years) लैब टेक्नीशियन डिप्लोमा |
| DXRT (3 years) एक्स - रे टेक्नीशियन | O.T. (1 years) ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन |
| D.Pharma (3 years) डी.फार्मा | Ophthalmic ass. (2 years) नेत्र सहायक |

साध्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

कुनकुरी 7580834000

अम्बिकापुर 7440435000


## खबर संक्षेप



### छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंगठन की जशपुर इकाई के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर निवेदन किया है कि शासन द्वारा हिट एंड रन 106/2 जैसे कठोर कानून को समझ पाना ड्राइवर जैसे कम पढ़े लिखे लोगों के लिए समझ पाना बहुत ही कठिन है। प्रशासन द्वारा जिले के सभी ब्लॉकों में शिविर लगाकर प्रत्येक दिवस नए कानून को जानकारी दी जाए जिससे ड्राइवरों में नए कानून को लेकर जो भ्रांतियां फैली है उसे दूर किया जा सके और ड्राइवर भयमुक्त होकर अपने कार्य को ईमानदारी से निर्वहन कर सकें। साथ ही संगठन द्वारा मांग की गई है कि रस्तों पर बीच बीच में कैंप लगाकर सभी ड्राइवरों को बैच और आईडी दिया जाए एवम हिट एंड रन कानून के बारे में पूरी जानकारी दी जाए।

### जोगपाल पब्लिक स्कूल में पौधरोपण



**पत्थलगांव।** जोगपाल पब्लिक स्कूल पत्थलगांव में वन महोत्सव सप्ताह के तहत पौध रोपण किया गया। पौधरोपण में स्कूल के प्रिंसपल,शिक्षक व विद्यार्थियों ने भाग लिया। जुलाई माह के पहले सप्ताह में संपन्न होने वाले इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल एस एस आर्या, एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भाटिया, श्वेता पटेल, युवराज पटेल, रोहित मल्होत्रा, संतोष उपाध्याय के साथ सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे। पौध रोपण से बच्चों को प्रकृति के प्रति जागरूक करना है। स्कूल के प्रिंसिपल ने बच्चों को बताया कि धरती पर पेड़ का सर्वाधिक महत्व है। आदिकाल से अनंत काल तक पेड़ पौधों की महिमा है, और हमेशा बनी रहेगी। पेड़-पौधे हमारे सच्चे मित्र हैं। यह हमारे प्राण हैं, हमारी जान है उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन से ही विश्व का कल्याण होगा। एडमिनिस्ट्रेटर मनजोत सिंह भाटिया ने पौधारोपण के दौरान कहा कि हर ब्यक्ति को पेड़ लगाने आगे आना चाहिए जिससे हमारा कल आने वाला भविष्य बेहतर और सुरक्षित रह संके पेड़ लगाकर उसका देखभाल कर पेड़ की अच्छी तरह देखरेख करना हम सब की जिम्मेदारी है।

### मत्स्य बीज उत्पादन कार्य प्रारंभ

**जशपुरनगर।** मछली पालन विभाग के महत्वपूर्ण योजना के तहत मत्स्य बीज उत्पादन कार्य जिला जशपुर में शुरू हो गया है। इस वर्ष मछली पालन विभाग जिला जशपुर को 900 लाख स्पान उत्पादन एवं 120 लाख स्टैण्ड फ्राई उत्पादन का लक्ष्य दिया गया है। मत्स्य बीज उत्पादन के तहत विभाग के द्वारा चयनित हितग्राहियों की शत प्रतिशत अनुदान में स्पान का संवर्धन मौसमी तालाबों में कराया जायेगा। साथ ही हितग्राहियों को मत्स्य आहार सरसों खली, जाल निःशुल्क दिया जावेगा। इस योजनांतर्गत जिला जशपुर में 25 हितग्राही अनुसूचित जनजाति, 10 हितग्राही अनुसूचित जाति के हितग्राहियों को लाभांवित किया जावेगा।

अंबिकापुर के ताईक्वांडों खिलाड़ियों ने कौशल्या साय से की मुलाकात

# मैडल पहना कर कौशल्या ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह



श्रीमती साय से मुलाकात करते खिलाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जगह बनाने वाले अंबिकापुर के ताईक्वांडों खिलाड़ियों ने बगिया स्थित सीएम कैम्प कार्यालय में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय से सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान उन्होनें खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए,हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। खिलाड़ियों के प्रशिक्षक कांस्टेबल राधेश्याम मानिकपुरी ने बताया कि पुलिस विभाग 2017 से युवाओं को ताईक्वांडों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होनें बताया कि 5 से 7 जुलाई तक रायगढ़ में आयोजित प्रदेश स्तरीय ताईक्वांडों प्रतियोगिता में अंबिकापुर जिले के 42 खिलाड़ी शामिल हुए। इस दौरान खिलाड़ियों ने 5 गोल्ड, 2 सिल्वर और 2 कांस्य पदक हासिल करने में सफलता प्राप्त की है। खिलाड़ी मानसी सिंह ने श्रीमती कौशल्या साय को बताया कि पुलिस विभाग की ओर से उन्हें ताईक्वांडो का प्रशिक्षण देने के लिए बेहतर व्यवस्था की गई हैं। इसका उन्हें लाभ भी मिल रहा है। यही कारण है कि वे प्रदेश स्तरीय प्रतिस्पर्धा में गोल्ड मेडल प्राप्त करने में सफल रही है। खिलाड़ी आरूषी कश्यप ने भी ताईक्वांडो प्रशिक्षण और प्रतिस्पर्धा से जुड़ी बातों को श्रीमती कौशल्या साय से साझा किया। सीएम श्री साय की धर्मपत्नी कौशल्या साय ने युवा खिलाड़ियों के लिए अंबिकापुर के पुलिस विभाग की ओर से की गई पहल की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि युवाओं की उर्जा और उत्साह का सही दिशा में प्रयोग करने के लिए पुलिस ⏭ शेष पेज 4 पर

## ताईक्वांडो के खिलाड़ियों ने फिर बढ़ाया जिले का मान



- कलेक्टर ने खिलाड़ियों को दी बधाई
- जिले के नाम किया 3 गोल्ड, 1 सिल्वर, 2 ब्रांसमेडल

जिले के ताईक्वांडो खिलाड़ी लगातार अपने प्रतिभा का प्रदर्शन कर जिले के नाम कई मेडल कर चुके है। इसी कड़ी में राज्य स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में रायगढ़ में अपना जोहार दिखाते हुए मेडल प्राप्त किया। कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि ताईक्वांडो खेल में जिले के खिलाड़ी हर वर्ष राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित होकर जिले को गौरवांवित कर रहे है। यह जिले के लिए गौरव की बात है। जिला प्रशासन द्वारा ताईक्वांडो के खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कोच नंदलाल यादव को भी बधाई दी। कलेक्टर ने बच्चों को मोटिवेट करते हुए कहा कि आप सभी में एक अलग प्रतिभा है। आप सभी अपने खेल में प्रारंगत होने के लिए लगातार प्रतिदिन प्रशिक्षण करें। प्रशिक्षण से ही खिलाड़ी अपने उच्च कुशलका प्रदर्शन कर राष्ट्रीय ⏭ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में तीनों आरोपी।

## ताड़ी का परिवहन कर रहे बस चालक, परिचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- नशे के विरूद्ध जशपुर पुलिस का अभियान

बस से ताड़ी का अवैध परिवहन करते पुलिस ने चालक,परिचालक व सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

एसपी शशि मोहन सिंह को 8 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली, कि संपघरा से बगीचा की ओर चलने वाली यात्री बस क्रमांक सीजी 07 ई 1002 में अवैध शराब ताड़ी का विक्रय करने एवं खपाने के उद्देश्य से परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल थाना प्रभारी दुलदुला निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू के नेतृत्व में टीम बनाकर जब्ती एवं गिरफ्तारी कार्रवाई हेतु रवाना किया गया। टीम द्वारा मुखबिर के बताए अनुसार ग्राम जोकतला खुंटीटोली मार्ग में नाकाबंदी कर बस के आने का इंतजार किया जा रहा था। बस के आने पर उसके चालक तपेश्वर राम को रोककर अवैध शराब रखने के संबंध में पूछताछ कर बस की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बस की डिक्की से प्लास्टिक जरकीन में रखा 32 लीटर अवैध शराब ताड़ी कीमती 1600 रूपए का मिलने पर पुलिस द्वारा आरोपियों को अभिरक्षा में लिया गया। ताड़ी व बस को जब्त किया गया। पूछताछ में बस चालक तपेश्वर राम एवं कंडक्टर हेमंत एक्का ने बताया कि उक्त अवैध शराब को रोनू नायक उन्हें दिया था,जिसे वे मिलकर खपाने के उद्देश्य से परिवहन कर रहे थे। ⏭ शेष पेज 4 पर

## छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- अनिश्चितकालीन हड़तान पर जाने की चेतावनी



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते तहसीलदार।

न्यायालय झलप तहसीलदार के साथ हुई मारपीट की घटना से क्षुब्ध होकर तथा शासन द्वारा पूर्व में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के हित में जारी आदेशों एवं घोषणाओं के आज तक क्रियान्वयन न होने के कारण हड़ताल में जाने की सूचना साथ आज छग कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल को ज्ञापन सौंपी है।

8 जुलाई को उपतहसील झलप जिला महासमुंद में पदस्थ नायब तहसीलदार युवराज साहू के साथ न्यायालयीन कार्य के दौरान हुई मारपीट से समस्त तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों में आक्रोश व्याप्त है क्योंकि उक्त घटना शासन द्वारा पूर्व में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के हित में जारी आदेशों एवं घोषणाओं के आज दिनांक तक क्रियान्वयन न होने के कारण घटित हुई है। छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की लंबित मांगे में छग शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर के द्वारा राजस्व न्यायालयो में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने जिला कलेक्टर को निर्देशित किया गया था, किन्तु उक्त आदेश का क्रियान्वयन जिला स्तर पर नही होने से लगातार असुरक्षा के माहौल में कार्य करना पड़ रहा है। अतः तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारो को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराया जाये। तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन मे वर्तमान 60:40 के अनुपात को परिवर्तित कर पूर्व की भांति 50:50 के अनुपात को यथावत करने की घोषणा का क्रियान्वयन किया जावे। नायब तहसीलदारों को राजपत्रित का दर्जा देने की घोषणा का कियान्वयन किया जावे। वेतन विसंगती के कारण तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार व्यथित है और वेतन विसंगती दूर किया जावे। प्रोटोकॉल, लॉ एण्ड ऑर्डर ⏭ शेष पेज 4 पर

### कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक

**जशपुरगनर।** कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने समय सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार जानकारी ली तथा लंबित प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम के तहत महतारी वंदन योजना के हितग्राही से वृक्षारोपण किया जाना है। उन्होने उद्यान विभाग और वन विभाग को पौधे की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, अस्पताल एवं अन्य शासकीय कार्यालय परिसर में पौधरोपण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएम जनमन के तहत शिविर लगाकर विभिन्न आवश्यकताओं एवं समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के कर्मचारी अधिकारी लंबे समय से अनुपस्थित है उन पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों के पदोन्नति प्रक्रिया में गति लाने के निर्देश दिए।

## स्वीकृत आवास को समय पर पूर्ण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर।

कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कक्ष में जनपद सीईओ की बैठक ली। बैठक में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेकर क्रियान्वयन हेतु बेहतर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी जनपद सीईओ को नियमित क्षेत्र का भ्रमण कर संचालित कार्यों की प्रगति के बारे में समीक्षा करने के निर्देश दिए। प्राथमिकता के साथ शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए फोकस करें। उन्होंने पीएम आवास की ब्लॉकवार जानकारी ली तथा शेष आवास को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए एवं हितग्राहीवार जानकारी देने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम जनमन के तहत बन रहे आवास की भी जानकारी ली एवं समय पर पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड हेतु शिविर लगाकर आधार कार्ड अपडेट करने कहा। उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत हितग्राहियों से वृक्षारोपण किया जाना है। व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, पीएम आवास कोऑर्डिनेटर, आयुष्मान कॉर्डिनेटर सहित सभी जनपद सीईओ उपस्थित थे। उन्होंने ऐसे हितग्राही जो पीएम आवास के पैसे गबन किए है उनकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करें

- कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

कलेक्टर डा.रवि मित्तल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में अविवादित बंटवारा, नामांतरण और सीमांकन, डायवर्सन, नक्शा बटांकन, भू अर्जन, पीड़ित क्षतिपूर्ति, आरबीसी 6_ 4 सहित अन्य लंबित राजस्व प्रकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की और लंबित राजस्व प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों में प्रगति लाने के लिए पटवारी को लक्ष्य निर्धारित कर लंबित प्रकरणों को समय पर निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र तथा स्कूलों का समय-समय निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कानून व्यवस्था के प्रति हमेशा अलर्ट रहकर सूचना तंत्र मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन के लिए कैलेंडर बनाने कहा। बैठक में अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सर्व एसडीएम सहित राजस्व विभाग की कर्मचारी उपस्थित थे।

बेरिकेड तोड़ प्रदर्शनकारी आगे बढ़े व जमकर की तोड़फोड़

## बलवा व दंगाइयों को रोकने जिला पुलिस ने की मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



मॉकड्रिल के दौरान प्रदर्शनकारियों को रोकती पुलिस।



मॉकड्रिल के दौरान घायल प्रदर्शनकारी को ले जाती पुलिस।

आकस्मिक परिस्थितियों एवं दंगाइयों से निपटने के लिए मंगलवार को रक्षित केन्द्र में माक ड्रिल का अभ्यास किया गया। मॉक डिल की कार्रवाई में पुलिस विभाग के अधिकरी, कर्मचारी सहित तहसीलदार व नायब तहसीलदार भी उपस्थित रहे।

बलवा ड्रिल अभ्यास की पूरी प्लानिंग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी द्वारा तैयार किया गया एवं रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे द्वारा व्यवहारिक रूप में परिवर्तित किया गया। बलवा ड्रिल में कमांडर के रूप में उप निरीक्षक खोमराज ठाकुर एवं मजिस्ट्रेट के रूप में रामनाथ राम को तैनात किया गया था। पुलिस की विभिन्न टोलियों को श्रमिक यूनियन इत्यादि में विभक्त किया गया था, जो अपनी विभिन्न मांगो को लेकर अत्याचार बंद करो, शोषण बंद करें एवं हमारी मांगे पूरी करो कहते हुये नारेबाजी कर हिंसक प्रदर्शन कर रहे थे, उन्हें सर्वप्रथम मजिस्ट्रेट द्वारा समझाइश दिया गया कि उनकी मांगो पर विचार किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों द्वारा नहीं मानने पर वे पुलिस द्वारा लगाये बेरिकेड को तोड़ते हुये आगे बढ़ गये एवं जमकर तोड़-फोड़ कर रहे थे। इसी दौरान परिस्थिति बिगड़ता देख मजिस्ट्रेट के आदेश पर भीड़ को तीतर-बीतर करने के लिये अश्रु गैस के गोले छोड़े गये जिससे भीड़ कुछ समय के लिये तीतर-बीतर हुआ, भीड़ पुनः और आक्रामक होकर नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आगे बढ़ रहा था, जिस पर परस्थिति गंभीर एवं जान-माल के नुकसान होने की ⏭ शेष पेज 4 पर

## पश्चिम बंगाल में मातृशक्ति के साथ दुर्व्यवहार तीन संगठन की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

**जशपुरनगर।** पश्चिम बंगाल में हो रहे महिलाओं के उत्पीड़न के विरोध में भारतीय मातृ शक्ति सेवा संगठन, भारत मतसेवा समिति, प्रगतिशील पेंशनधारी कल्याण संघ की महिलाओं ने जशपुर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर को गृहमंत्री भारत सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा।

महिला संगठन द्वारा कहा गया कि पश्चिम बंगाल के संदेशखाली, कुचविहारा और उत्तर दिनाजपुर में महिलाओं के साथ जो दुर्व्यवहार और अपमान जनक कृत्य किया गया है वह किसी भी सभ्य समाज के लिए स्वीकार्य नहीं है। जिस भारतवर्ष में महिलाओं की पूजा की जाती है उसी भारत के एक राज्य में महिलाओं को प्रताड़ित कर्बुनका उत्पीड़न किया जा रहा है। हम सभी महिला संगठन ऐसे कृत्य की भर्त्सना करते है और आग्रह करते है की पश्चिम बंगाल में हो रहे महिला उत्पीडन के दीदियों को सक्त से सक्त सजा दी जाए। जिससे आने वाले भविष्य में कोई भी व्यक्ति महिलाओं का उत्पीड़न न कर सके।



ज्ञापन सौंपने कलेक्टोरेट पहुंची महिलाएं।

